12. क्रियाविशेषण

हिंदी भाषा व्याकरण में कुछ शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं तो कुछ क्रिया शब्दों की। बच्चों ने विशेषण शब्द पढ़े हैं जो संज्ञा-सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं। अब बच्चे उन शब्दों के बारे में जानेंगे, जो क्रिया शब्दों की विशेष बात प्रकट करते हैं। इन शब्दों को क्रियाविशेषण कहते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 74 पर दिए चित्रों के वाक्यों को पढ़वाएँ और उनमें आए रंगीन शब्दों प्रतिदिन, अंदर, खूब, ध्यान से पर बातचीत करें। समझाएँ, ये शब्द हम रोज़ाना प्रयोग में लाते हैं। क्या आप जानते हैं ये शब्द अधिकांशतः क्रिया शब्दों के लिए ही प्रयोग किए जाते हैं। ये शब्द क्रिया की विशेषता को बताते हैं। इन्हें ही क्रियाविशेषण कहते हैं।
- ❖ समझाएँ, कोई काम कब, कहाँ, कैसे या कितना हुआ या हो रहा है, क्रियाविशेषण इस बात को बताते हैं।
- ❖ बच्चों को क्रियाविशेषण के भेदों - कालवाचक, स्थानवाचक, परिमाणवाचक तथा रीतिवाचक से अवगत कराएँ। इसके लिए दैनिक गतिविधियों अथवा कामों के वाक्यों को उदाहरण के रूप में ले सकते हैं।
- ❖ बताएँ कि क्रियाविशेषण शब्द न बदलने वाले शब्द होते हैं। इन शब्दों पर लिंग, वचन आदि का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसलिए इन्हें **अव्यय** भी कहा जाता है।
- ❖ सुनिश्चित करें, बच्चों को आसानी से समझ आ रहा है।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाते समय यथोचित सहायता करें।